दिनांक 30.10.2026 को जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज के अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति बैठक की कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज के अध्यक्षता में दिनांक 30.10.2026 को DWSM की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारीगण उपस्थित हुयेः–

1–मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
2–अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे प्रयागराज।
3–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
4–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
5–जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, प्रयागराज।
6–समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
7–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, प्रयागराज।
8–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, प्रयागराज।
9–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (जे0वी0), प्रयागराज।
10–टीम लीडर एवं डी0पी0एम0, मेघाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,(टी0पी0आई0) प्रयागराज।
11–जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की निम्नलिखित बिन्दुओ की समीक्षा की गयीः–

1–<u>भूमि की उपलब्धता</u> :

- जनपद में जल जीवन मिशन की पेयजल योजनाओं हेतु अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे को निर्देशित किया गया कि जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 के साथ सभी तहसीलों के नामित प्रभारी ए0डी0एम0 (अपर जिलाधिकारी) से समन्वय स्थापित कर अप्राप्त (No Land)/विवादित भूमि का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण कराये।

2–<u>जल जीवन मिशन फेज–2 में कार्यरत मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 के कार्यों की समीक्षा–</u>

जनपद में फेज–2 के कार्य मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, चेन्नई द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें 664 नग पेयजल योजनाओं का निर्माण किया जाना है, जिसके सापेक्ष अभी तक 221 नग योजनाएँ पूर्ण की जा चुकी है, अवशेष में कार्य प्रगति पर है।

- पी0एम0 मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को धीमी प्रगति के लिए कड़े निर्देश दिए गए की तत्काल मजदूर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए जिन 90 ओवरहेड टैंक पर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है वहां कार्य प्रारंभ कराये साथ ही 40 ओवरहेड टैंक पूर्ण कर नवम्बर माह तक उससे जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें और जहां ट्यूबवेल पंप हाउस का कार्य पूर्ण हो गया है वहां सीधे जलापूर्ति करें इस कार्य में शिथिलता न बरती जाए।
- पी0एम0 मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं को CIRP (EOT) के अनुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि यदि किसी योजना की IMIS पोर्टल पर अनुमानित पूर्णता तिथि (EOT) समाप्त हो गयी है या होने वाली है तो नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।
- पी0एम0 मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को निर्देश दिए गए की रेगुलर क्लोरीन युक्त वाटर सप्लाई बढ़ाएं जिससे ग्रामीण जनता को लाभ मिल सके व लीकेज की समस्या को सुधार करने में विलंब न किया जाए। इसे तत्काल सुधार किया जाए, यह भी सुनिश्चित करें कि नियमित जलापूर्ति वांछित न हो।
- पी0एम0 मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना में 1334 नग लेबर की आवश्यकता है परंतु 805 नग लेबर ही कार्यरत है जिसको बढ़ाने हेतु व फर्म को मार्च 2027 तक कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

3–"<u>जल जीवन मिशन फेज–4 में सतही स्रोत ग्राम समूह पेयजल योजनाओं (यमुना तथा गंगा) के कार्यो की समीक्षा</u>–

(अ) सतही स्रोत (यमुना) ग्राम समूह पेयजल योजना–जनपद में फेज–4 के कार्य मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान द्वारा कराया जा रहा है।

- पी0एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0 को निर्देशित किया गया कि 76% से 99% तक–10 शिरोपरि जलाशय व 51% से 75% तक 14 शिरोपरि जलाशय 30 नवंबर तक पूर्ण करें व 30 दिसम्बर तक जो शिरोपरि जलाशय पूर्ण हो जाए उससे जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान द्वारा अवगत कराया गया कि इन्टेक वेल का कार्य 87 प्रतिशत, WTP का कार्य 83 प्रतिशत और OHT का कार्य 74 के सापेक्ष 44 नग पूर्ण हुआ है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है।

Scanned with OKEN Scanner

- पी0एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना को मार्च 2027 तक पूर्ण कराने हेतु 429 नग लेबर की आवश्यकता है, परन्तु 304 नग लेबर ही कार्यरत है जिसको बढ़ाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया।
- पी0एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0 को निर्देशित किया गया कि इंटेक वेल और डब्लू0 टी0 पी0 प्रत्येक दशा में नवम्बर माह तक पूर्ण करें।
- अधिशासी अभियंता विद्युत द्वारा बताया गया की कार्यदायी संस्था द्वारा ट्रेचिंग का कार्य न कराए जाने के कारण विद्युत का कार्य नहीं हो पा रहा है अधिशासी अभियंता वि0/या0 को निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियंता विद्युत व कार्यदायी संस्था के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित करें कि किसके स्तर से लापरवाही प्रदर्शित हो रही है आख्या से भी अवगत कराये।

(ब) <u>सतही स्रोत (गंगा) ग्राम समूह पेयजल योजना</u>–जनपद में फेज–4 के कार्य मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV)हैदराबाद द्वारा कराया जा रहा है।

- पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV) को निर्देशित किया गया कि 76%से 99% तक 26 शिरोपरि जलाशय व 51%से 75% तक 26 शिरोपरि जलाशय 30 नवंबर तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें और 30 दिसंबर तक जो शिरोपरि जलाशय पूर्ण हो जाए उससे जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV) द्वारा अवगत कराया गया कि इन्टेक वेल का कार्य 83 प्रतिशत, WTP का कार्य 84 प्रतिशत और OHT का कार्य 115 के सापेक्ष 50 नग पूर्ण हुआ है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है इस कार्य को CIRP के अनुसार पूर्ण करें।
- पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV) द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना को मार्च 2027 तक पूर्ण कराने हेतु 795 नग लेबर की आवश्यकता है, परन्तु 607 नग लेबर ही कार्यरत है जिसको बढ़ाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया।
- पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV) को निर्देशित किया गया कि इंटेक वेल और डब्लू0 टी0 पी0 प्रत्येक दशा में नवम्बर माह तक पूर्ण करें।

4–<u>सड़क पुर्नस्थापना</u>–

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सड़क पुर्नस्थापन का कार्य 99.86 % पूर्ण कराया जा चुका है। जिसमें मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 99.75 % मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान 99.90% मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (JV)हैदराबाद 99.46 % द्वारा कार्य पूर्ण किया जा चुका है, सभी कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया गया कि रोड रेस्टोरेशन के बाद जो रोड धस (Settle Down) गया है उसे 15 दिवस के भीतर गुणवतापूर्ण कराये और टी0 पी0 आई0 ए0 द्वारा इसकी गुणवत्ता जाँच कर आख्या प्रस्तुत करें।

5–<u>टी0पी0आई0, मेघाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,प्रयागराज।</u>

- जल जीवन मिशन के कार्यो के गुणवत्ता हेतु नामित टी0पी0आई0ए0 मेघाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0, प्रयागराज के टी0एल0 द्वारा बताया गया कि मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को कुल 17555 N.C जारी हुआ था जिसके सापेक्ष 16274 N.C का निस्तारण हो गया है तथा 1281 N.C का निस्तारण शेष है, मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर, राजस्थान का कुल 1148 N.C जारी हुआ था जिसके सापेक्ष 855 N.C का निस्तारण हो गया है तथा 293 N.C का निस्तारण शेष है व मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 का कुल 1371 N.C जारी हुआ था जिसके सापेक्ष 1214 N.C का निस्तारण हो गया है तथा 157 N.C का निस्तारण शेष है, टी0एल0 टी0पी0आई0ए0 को निर्देशित किया गया कि बचे हुए N.C का निस्तारण शीघ्र कराये व रोड रेस्टोरेशन की शत प्रतिशत जांच योजनावार करें और जहां भी कमियां पाई जाए वहां पर गुणवत्तापूर्ण सुधार कराये साथ ही मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से प्रत्येक सप्ताह एन0सी0 की समीक्षा कराए।
- N.C निस्तारण में सबसे कम प्रतिशत (74%) मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर का है, पी0एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, जोधपुर को निर्देशित किया गया है त्वरित व गुणवत्तापूर्ण ढंग से इसका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

6–<u>अन्य बिन्दु</u>–

- अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि प्राप्त FTK किट का वितरण किया जा चुका है, निर्देशित किया गया कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से प्राप्त एफ0टी0के0 किट जो वितरित किये जा चुके है उससे जाँच करवाकर अपलोड करवाना सुनिश्चित करें, नल जल मित्र, ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर सरपंच और पंचायत सेक्रेटरी की लागिन, वाटर टेस्टिंग शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें।
- अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि जल आकलन, जल सारथी एप, जल अर्पण, सम्बंधित कार्य समयसमय शत प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

- पी0 एम0 मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0 जोधपुर, राजस्थान तथा पी0एम0 मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 को निर्देशित किया गया कि FHTC कनेक्शन प्रदान करके जलापूर्ति चालू कराना सुनिश्चित करें जनपद प्रयागराज जल जीवन मिशन के अंतर्गत CM DASHBOARD पर इसकी प्रगति D कैटेगरी में है जो कि अत्यंत ही असंतोषजनक है जिसको इसके ऊपर के कैटेगरी में लाया जा सकें।
- जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, को निर्देशित किया गया कि ग्राम स्तर पर जाँच के लिए जल सखियों एवं पानी समिति के सदस्यों को जागरूक कराने हेतु सभी खंड विकास अधिकारियों को पत्र भेजवाना सुनिश्चित करें।
- जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डी0 पी0 एम0 राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन को निर्देशित किया गया कि जल सारथी एप को शीघ्रता से डाउनलोड कराकर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं लोगो को इसके प्रति जागरूक भी करें, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, लगातार इसका पर्वेक्षण करते रहें।
- अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से विद्युत व स्टेट हाईवे की सड़कों से संबंधित समस्याओं के लिए अलग से बैठक कराना सुनिश्चित करें।
- अधिशासी अभियंता विद्युत को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कार्यदायी संस्था द्वारा 2024 में जिन योजनाओं के लिए पैसा जमा किया गया है वहां विद्युत आपूर्ति एक सप्ताह के भीतर कराना सुनिश्चित करें अन्यथा कार्यवाही हेतु बाध्य होना पड़ेगा।
- अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि सुजलॉम एप द्वारा परिसंपत्तियों की एजेंसियों के माध्यम से जिओ टैगिंग कराना सुनिश्चित करें, सभी एस0वी0एस0 (351) एवं एम0वी0एस0 (486) स्कीम की टैगिंग हेतु कार्यदायी संस्थाओं से पर्याप्त मैनपॉवर लगाकर कार्य को शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें इस कार्य में शिथिलता न बरती जाए अन्यथा की स्थिति में कार्यदायी संस्था स्वयं जिम्मेदार होगी।
- अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को जिला स्तरीय आई0 ई0 सी0 के लिए आवंटित धनराशि के लिए पत्र भिजवाना सुनिश्चित करें।
- जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर जो आख्या प्रस्तुत किया जा रहा है उसमें उल्लेखित कमियों के संबंध में अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से सम्बंधित को पत्र भिजवाना सुनिश्चित करें।
- अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि जो योजनाए संचालन एवं अनुरक्षण में है उनको रेगुलर जलापूर्ति होती रहें एवं उन योजनाओं का शत प्रतिशत जल अर्पण कराना भी सुनिश्चित करें।
- जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जल सारथी एप को राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन द्वारा निर्धारित लक्ष्य शत प्रतिशत एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा पूर्ण पेयजल योजनाओं का जल अर्पण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमाण पत्र अपने यूजर आई0 डी0 पासवर्ड से अवर अभियंताओ के सहयोग से डाउनलोड करना सुनिश्चित करें।
- समीक्षा बैठक में कार्यालय राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के पत्र संख्या 2463/letter/2025–26/Tech–20 दिनांक 21/08/2026 में दिए गये निर्देशों के क्रम में पेयजल स्रोतों के स्थायित्वता ग्रामीण पेयजल आपूर्ति के संचालन एवं अनुरक्षण योजनाओं के संचालन में आ रही प्रमुख तकनीकी, वित्तीय एवं संस्थागत चुनौतियां, योजनाओं में जल–हानि/लीकेज, ऊर्जा व्यय एवं परिसंपत्ति अनुरक्षण से संबंधित समस्याएं, ग्राम पंचायत VWSC की भूमिका एवं सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करना, प्रशिक्षित स्थानीय मानव संसाधन/नल जल मित्र की उपलब्धता एवं उपयोगिता, जल गुणवत्ता की नियमित निगरानी एवं समयबद्ध सुधारात्मक कार्यवाही एवं जनपद में अपनाई जा रही श्रेष्ठ प्रक्रियाएं (Good practice) नवाचार तथा अनुकरणीय मॉडल की चर्चा की गयी।
- मुख्य विकास अधिकारी को प्रत्येक गुरूवार को जल जीवन मिशन की वर्चुअल बैठक कराने हेतु निर्देशित किया गया।

(मनीष कुमार वर्मा)
जिलाधिकारी
प्रयागराज।

Scanned with OKEN Scanner

पृ0सं0 2923 / M-03 / 241 दिनांक 17-11-2026

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
2–अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,प्रयागराज।
3–जिला पंचायतराज अधिकारी, प्रयागराज।
4–अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–प्र0/द्वि0, जार्ज टाउन/हण्डिया/फाफामऊ/मेजा, प्रयागराज।
5–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
6–अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
7–जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, प्रयागराज।
8–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स विष्णु प्रकाश आर0 पुंगलिया लि0, प्रयागराज।
9–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स गजा जी0ए0आई0पी0एल0 (जे0वी0), प्रयागराज।
10–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0, प्रयागराज।
11–प्रोजक्ट मैनेजर मेसर्स एल0 सी0 इन्फ्रा प्रा0 लि0, प्रयागराज।
12–टीम लीडर एवं डी0पी0एम0, मेधाज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0,(टी0पी0आई0) प्रयागराज।

जिलाधिकारी
प्रयागराज।

Scanned with OKEN Scanner